# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 30.07.2025 को मुख्य विकास अधकारी महोदय मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। समीक्षा में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री अजय कुमार अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
2. श्री दीपांशु तेवतिया अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
4. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
5. श्री ब्रजेश कुमार शर्मा सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग–1, मथुरा।
6. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
7. श्री राकेश जैंन, सीनियर मैंनेजर प्लांनिंग, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
8. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
9. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।
10. श्री कैलाश शर्मा, स्टुडेंट रिलीफ सोसाइटी, आईएसए संस्था, जयपुर।
11. श्री जे0पी0 शुक्ला, बजरंग सेवा समिति, आईएसए संस्था, चित्रकूट।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

| S. N. | Components | Target | Achievement | Physical Progress (In %) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | upto last month | this month | Cumulative |
| 1 | Pre sedimentation Tank (23000 KL) | 1 | WIP | 70% | 5% | 75% |
| 2 | Water Treatment Plant (188.50 MLD) | 1 | WIP | 30% | 0% | 30% |
| 3 | Clear Water Reservoir | 9 | WIP | 27% | 1% | 28% |
| 4 | Supply of MS Pipe | 55.90 KM | 53.00 KM | 90% | 0% | 90% |
| 5 | Supply of DI Pipe | 1178 KM | 920 KM | 75% | 3% | 78% |
| 6 | Laying of MS Pipe | 55.90 KM | 4.0KM | 6.5% | 0.60% | 7.10% |
| 7 | Laying of DI Pipe | 1178 KM | 560KM | 45% | 2.50% | 47.50% |
| 8 | Supply of DI/HDPE pipe | 4566 KM | 4210 KM | 92% | 0 | 92% |
| 9 | Laying and Jointing of Pipeline | 4566 KM | 2735 KM | 58% | 2% | 60% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Drinking Water Connections | 246000 Nos | 28500 Nos | 11.0% | 0.50% | 11.50% |
| 11 | Construction of Over Head Tanks | 214 Nos | 181 WIP | 25% | 0 | 25% |

- कार्यों की प्रगति टाइमलाइन के पीछे होने के कारण निर्माणकर्ता फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) को निर्धारित समय से धीमी प्रगति होने के कारण फर्म को नोटिस/चेतावनी पत्र निर्गत करने एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु फर्म द्वारा जून 2026 तक पूर्ण करने एवं दिसम्बर 2026 तक योजना का ट्रायल एवं रन पूर्ण करने हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई है। तदानुसार प्रत्येक घटक पर आवश्यक श्रमिकों की संख्या का विश्लेषण किया गया है। पैकेज–1 के कार्यों हेतु 930 नग श्रमिकों की आवश्यकता है तथा कार्य स्थल पर औसत 480 नग मैनपावर उपलब्ध रहते हैं, इसी भांति पैकेज–2 के कार्यों हेतु 1390 नग श्रमिकों की आवश्यकता है, कार्य स्थल पर औसत 630 नग श्रमिक उपलब्ध रहते हैं। इस प्रकार फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई रिवाइज्ड टाइम लाइन के अन्तर्गत कार्यों का पूर्ण होना सम्भव नहीं है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा एक सप्ताह के अन्दर वांछित श्रमिकों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- पिछली बैठक में फर्म के प्रतिनिधियों को जनपद में कराये गये कार्यों को पूर्ण कर 60 ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये थे, जिस पर फर्म द्वारा मात्र 20 ग्रामों की सूची उपलब्ध कराई गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि अतिशीघ्र ही अवशेष 40 ग्रामों में कार्य पूर्ण करते हुए सूची उपलब्ध करा दी जाए।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गये कि ग्रामीण क्षेत्रों में कराये जा रहे कार्यों को सम्पूर्ण जनपद में न करते हुए जनपद के एक भाग में उपलब्ध श्रमिकों Optimize रूप से लगाकर पहले 55 क्लस्टरों में कार्य पूर्ण कराये जाएं तत्पश्चात ही आगे के ग्रामों में कार्य प्रारम्भ कराये जाएं तथा सम्पूर्ण क्षेत्र में केवल सड़क पुर्नस्थापना/स्ट्रक्चर निर्माण सम्बन्धी कार्य ही पूर्ण कराये जाएं। कार्य स्थल पर उक्त के क्रियान्वयन हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को फर्म को पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया।
- पी0डब्लू0डी0/आर0ई0डी0 स्वामित्व वाली 52 नग सड़कों के सापेक्ष 23 नग सड़कों का पूर्ण रूप से रीस्टोरेशन कार्य कराया जाना विगत 6 माह से अवशेष है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई, प्रोजेक्ट मैंनेजर ने आगामी एक सप्ताह में सभी सड़कों को पुर्नस्थापना करने का आश्वासन दिया, जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिए गये कि 15 दिवस में रोड़ की पुर्नस्थापना होने के पश्चात सम्बन्धित विभाग के अधिशासी अभियन्ता जल निगम से फीडबैक प्राप्त कर अवगत कराया जाए।
- कार्यों की प्रगति समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देश दिए गये कि WTP के Main CWR/IBPS 1 से सम्बन्धित 55 नग अवर जलाशयों को आगामी 6 माह में पूर्ण कर दिया जाए, जिससे कि WTP संचालन होने के समय चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

- टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 113 एन0सी0आर0 में से 99 NCR क्लोज हो गये हैं तथा 14 NCR लम्बित हैं। टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवर जलाशयों पर 2 Critical NCR लगाये गये हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि उक्त NCR को प्राथमिकता के आधार पर क्लोज करा लिया जाए।
- कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा द्वितीय चरण के कार्यों के भुगतान के लिए अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्य विकस अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा बिल प्रस्तुत किये जाने के पश्चात सत्यापन किए गये 20 ग्रामों हेतु द्वितीय चरण के कार्यों का भुगतान कर दिया जाए।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अनुमोदित

Digitally signed by
MANISH MEENA
Date: 08-08-2025
14:53:03

मुख्य विकास अधिकारी
मथुरा

Digitally signed by
Dinesh Kumar
Date: 08-08-2025
10:50:29

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक 648 / जल जीवन मिशन / 239 दिनांक 11.08.2025

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0—एपको (जे0वी0) (पैकेज—I एवं II), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
7. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा/जनपद मथुरा में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाएं।

अधिशासी अभियन्ता